BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-11.03.2025**

◆जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री के पूर्णतया रोकथाम हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

◆थाना भदोही पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता

◆अवैध गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के दो गांजा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

◆कब्जे से दो बैग में कुल-12.546 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा बरामद

◆बरामदशुदा गांजा की कुल अनुमानित कीमत ₹3,20,000/-(03 लाख 20 हजार रुपये)

◆अपने आर्थिक लाभ के उद्देश्य से उड़ीसा से सस्ते दाम पर गांजा खरीद कर आसपास के जनपदों में गांजा बिक्री का करते थे अपराध

◆गिरोह में शामिल अन्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा किया जा रहा प्रयास

◆गिरफ्तारशुदा गांजा तस्करों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता व आपराधिक इतिहास की, की जा रही जांच

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी के पूर्णतया रोकथाम एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक-11.03.2025 को प्रभारी निरीक्षक भदोही के नेतृत्व में थाना भदोही, चौकी रजपुरा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गाजिया ब्रिज के नीचे पेट्रोल पम्प के पास से जनपद के रास्ते अवैध गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के 02 अंतर्जनपदीय अभियुक्तों- लवकुश पटेल पुत्र सालिक राम पटेल निवासी जितापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष व अभिषेक पटेल पुत्र रामजीत पटेल निवासी सेहरा थाना रामपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 18 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से दो अलग-अलग बैग में कुल 12.546 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा (कीमती लगभग 03 लाख 20 हजार रुपए) बरामद किया गया है।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0-130/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरोह में शामिल शेष वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा गांजा तस्करों का नाम व पता

1.लवकुश पटेल पुत्र सालिक राम पटेल निवासी जितापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष

2.अभिषेक पटेल पुत्र रामजीत पटेल निवासी सेहरा थाना रामपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 18 वर्ष

बरामदगी-

दो अलग-अलग बैग में कुल-12.546 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा अनुमानित कीमत करीब 03 लाख 20 हजार रुपये

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

श्री अश्वनी त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक भदोही, उ0नि0 बृजेश कुमार राय प्रभारी चौकी रजपुरा, उ0नि0 वीरेंद्र यादव चौकी प्रभारी कस्बा भदोही, मुख्य आरक्षी विनोद यादव, मुख्य आरक्षी तौकीर अहमद, मुख्य आरक्षी रवि प्रकाश पाठक व आरक्षी नितेश राय थाना व जनपद भदोही